Need to extend services of trains upto Katra / Mata Vaishno Devi Railway Station-laid

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** मैं माननीय रेल मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि गाड़ी संख्या-15651 (लोहित एक्सप्रेस), 15097 (जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस) एवं 12491 (मौरध्वज सुपर फास्ट एक्सप्रेस) अपने-अपने प्रारंभिक स्थानों से बिहार और उत्तर प्रदेश के अनेकों रेलवे स्टेशनों से होकर जम्मूतवी तक जाने वाली बहुत ही प्रमुख ट्रेनें हैं । इन प्रमुख ट्रेनों में विशेषकर माता वैष्णों देवी के दर्शनार्थ बहुतायत की संख्या में वृद्धजन भी यात्रा करते हैं । इन ट्रेनों से मेरे संसदीय क्षेत्र की जनता भी बड़ी संख्या में माता वैष्णों देवी के दर्शन- पूजन हेतु छपरा जं. एवं सिवान जं. से यात्रा करते हैं । इसलिए माता वैष्णों देवी के दर्शन हेतु जानेवाले बिहार और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं सहित मेरे संसदीय क्षेत्र के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए इन ट्रेनों का संचालन जम्मूतवी से विस्तारित कर कटरा/माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन तक कराये जाने की अतिआवश्यक है । क्योंकि श्रद्धालुओं को काफी लम्बी दूरी से यात्रा कर जम्मूतवी पहुंचने के बाद पुन: गाड़ी बदलकर कटरा/माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन पहुंचकर माता वैष्णों देवी के दर्शन के लिए जाने में श्रद्धालुओं को काफी कठिनाईओं का सामना करना पड़ता है । उपर्युक्त प्रमुख ट्रेनों का कटरा/माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन तक संचालन कराने से माता वैष्णों देवी के दर्शनार्थ जाने वाले बिहार और उत्तर प्रदेश के वृद्दजनों का समय बचेगा, शारीरिक परेशानी कम होगी और, साथ ही साथ आर्थिक बचत भी होगी । अत: माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि जनहित में उपरोक्त ट्रेनों का संचालन जम्मूतवी से विस्तारित कर कटरा / माता वैष्णों देवी रेलवे स्टेशन तक कराया जाये ।